# आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर

Block-4, RKS Sankul, JLN Road, Jaipur-302015, Rajasthan
Website: http://hte.rajasthan.gov.in/dept/dce
e-mail: nsscceraj@gmail.com Ph.: 8377917640


क्रमांक : F.8(28)Essay/NSS/CCE/2022-02554 दिनांक: नवम्बर, 2024

प्राचार्य,
समस्त राजकीय/निजी महाविद्यालय,
राजस्थान।

विषय :– संविधान दिवस (26 नवम्बर 2024) के अवसर पर निबंध प्रतियोगिता के आयोजन बाबत।

सन्दर्भ :– डॉ. भीमराव अम्बेडकर फाउण्डेशन, (अम्बेडकर पीठ), सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, मूण्डला, जयपुर के पत्रांक: एफ5 (1)अ.पी.ज./निबन्ध/2024–25/306 दिनांक 20.11.2024

महोदय,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत सन्दर्भित पत्र के क्रम में लेख है कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर फाउण्डेशन, (अम्बेडकर पीठ), सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, मूण्डला, जयपुर द्वारा संविधान दिवस (26 नवम्बर 2024) के अवसर पर "वर्तमान परिदृश्य में अम्बेडकर के विचारों की प्रासंगिकता" के विषय पर जिला एवं राज्य स्तरीय निबंध प्रतियोगिता 2024 का आयोजन किया जा रहा है। अतः सन्दर्भित पत्र एवं संलग्नों की छायाप्रति संलग्न कर लेख है कि पत्र में दिए गए निर्देशों की पालना सुनिश्चित कर सम्बन्धित को सूचित करने का श्रम करावें।

संलग्न– उपरोक्तानुसार

(प्रो. विजय सिंह जाट)
संयुक्त निदेशक (अकादमिक)

प्रतिलिपिः–

1. सचिव, डॉ. भीमराव अम्बेडकर फाउण्डेशन, (अम्बेडकर पीठ), सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, मूण्डला, जयपुर के क्रम में सूचनार्थ।
2. निजी सचिव, आयुक्त, आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर।
2. निजी सचिव, अतिरिक्त आयुक्त, आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, जयपुर।
3. वेबसाईट प्रभारी, आयुक्तालय कालेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर को लेख है कि राजस्थान की समस्त राजकीय एवं निजी महाविद्यालयों को अपलोड/ई–मेल हेतु।

(प्रो. विजय सिंह जाट)
संयुक्त निदेशक (अकादमिक)

Signature valid
Digitally signed by Vijay Singh Jat
Designation : Joint Director
Date: 2024.11.21 1?:52:04 IST
Reason: Approved

Urgent

स्मरण पत्र–1

# राजस्थान सरकार

## कार्यालय डॉ. भीमराव अम्बेडकर फाउण्डेशन, (अम्बेडकर पीठ)

(सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग)

ग्राम–मूण्डला, पो.–रूपवास, तहसील–जमवारामगढ़, जिला–जयपुर, राजस्थान– 302027
Email ID:- secretaryapj@gmail.com Govt. Mail Id.: ambedkarfoundation@RAJASTHAN.GOV.IN

क्रमांक : F5 (1)अ.पी.ज. / निबन्ध / 2024–25 / 306 दिनांक: 20-11-2024

श्रीमान् आयुक्त महोदय,
कॉलेज शिक्षा, राजस्थान सरकार
जयपुर।

(ID No.) 1047 (SPS/CCE)
(Date) 21/11/24

JD (Aca)

विषय : संविधान दिवस (26 नवम्बर, 2024) के अवसर पर निबंध प्रतियोगिता के आयोजन बाबत्।
संदर्भ : भारत सरकार के पत्र क्रमांक 19022 / 16 / 2016एससीडी – 6 दिनांक 15 नवम्बर, 2016 के क्रम में।

महोदय,

2
20.11.24

उक्त संदर्भित विषयान्तर्गत निवेदन है कि डॉ भीमराव अम्बेडकर फाउण्डेशन (अम्बेडकर पीठ), मूण्डला, जयपुर डॉ भीमराव अम्बेडकर की अवधारणाओं एवं संकल्पनाओं का प्रचार–प्रसार करने वाला राजस्थान सरकार के द्वारा स्थापित शोध केन्द्र है। आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, जयपुर एवं महाविद्यालयों के बिना सहयोग के निबन्ध प्रतियोगिता का सम्पादन असम्भव है। प्रत्येक वर्ष की भॉति इस वर्ष भी 26 नवम्बर, 2024 को संविधान दिवस के अवसर पर "वर्तमान परिदृश्य में अम्बेडकर के विचारों की प्रासंगिकता" **"Relevance of Ambedkar's thoughts in the current scenario"** विषय पर निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। आपसे अनुरोध है कि राज्य के सभी महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों में कार्यरत सम्बन्धित अधिकारियों / कर्मचारियों को निबंध प्रतियोगिता का विद्यार्थियों में प्रचार–प्रसार करने के लिए निर्देश प्रदान करने का श्रम करें जिससे उक्त आयोजन का सफलता पूर्वक संपादन किया जा सके। उक्त प्रतियोगिता के नियम निम्नानुसार है:–

डॉ. भीमराव अम्बेड़कर फाउण्डेशन (अम्बेडकर पीठ), मूण्डला, जयपुर द्वारा आयोजित
जिला एवं राज्य स्तरीय निबन्ध प्रतियोगिता, 2024
(विश्वविद्यालय, महाविद्यालय, विद्यालय एवं मान्यता प्राप्त संस्थाओं में नियमित अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए)

1. पात्रता :–

डॉ. भीमराव अम्बेड़कर फाउण्डेशन (अम्बेडकर पीठ) मूॅण्डला, जयपुर के द्वारा जिला एवं राज्य स्तरीय निवन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है जिसमें राजकीय एवं मान्यता प्राप्त प्रदेश के विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों एवं विद्यालयों (कक्षा 9 से 12) के विद्यार्थी भाग लेने के पात्र है।

2. निबन्ध की भाषा का माध्यम :–

निबन्ध हिन्दी अथवा अंग्रेजी भाषा में लिखे हुए स्वीकार्य होगें।

3. पुरस्कार :–

निबन्ध प्रतियोगिता के अन्तर्गत पुरस्कार राशि का विवरण निम्नानुसार है :–

| क्र. सं. | प्रतियोगिता का स्तर | पुरस्कार राशि (रूपये में) | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय | जिला स्तर | 5100 | 3100 | 2100 |
| | | राज्य स्तर | 51000 | 31000 | 11000 |
| 2 | विद्यालय (कक्षा 9 से 12) | जिला स्तर | 2100 | 1100 | 500 |
| | | राज्य स्तर | 11000 | 5100 | 3100 |

4. प्रतियोगिता के नियम एवं शर्तें :–

प्रस्तावित जिला एवं राज्य स्तरीय निबन्ध प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों के लिए नियम एवं शर्तें निम्नानुसार है :–

(i) निबन्ध प्रतियोगतां में भाग लेने वाले प्रतिभागियों के लिए प्रवेश निःशुल्क है।

Signature valid
Digitally signed by Suman Meena
Designation: Others
Date: 2024.11.20 1?:19:12 IST
Reason: Approved

(ii) निबन्ध लेखन की शब्द सीमा विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय स्तर पर 2000 शब्द एवं विद्यालय स्तर पर 1000 शब्द होगी।

(iii) प्रतिभागी द्वारा लिखित निबन्ध सुस्पष्ट, हस्तलिखित फाउण्डेशन कार्यालय में सम्बन्धित संस्था के माध्यम से प्रेषित किये जाने पर ही स्वीकार्य होंगे।

(iv) निबन्ध प्रतियोगिता को आयोजित करवाने की समस्त जिम्मेदारी सम्बन्धित संस्था प्रधान की होगी जिसमें प्रतिभागी विद्यार्थी अध्ययनरत् है।

(v) प्रतिभागी विद्यार्थी को उत्तर पुस्तिका सम्बन्धित संस्था द्वारा उपलब्ध करवाई जायेगी। उत्तर पुस्तिका के कवर पेज का प्रारूप डॉ. भीमराव अम्बेड़कर फाउण्डेशन (अम्बेडकर पीठ) की वेबसाइट www.ambedkarfoundationjaipur.in पर उपलब्ध है जिसे डाउनलोड़ कर उत्तर पुस्तिका के कवर पेज को उत्तर पुस्तिका के साथ संलग्न कर उत्तर पुस्तिकाए निबंध प्रतियोगिता आयोजन के दिन अथवा अगले दो दिवस में फाउण्डेशन कार्यालय को प्रेषित करना सुनिश्चित करे। उत्तर पुस्तिका के कवर पेज का नमूना संलग्न है।

संलग्नक–1

5. निबन्ध के अंक भार योजना एवं समयावधि :–

निबन्ध प्रतियोगिता के प्रतिभागियों एवं परीक्षकों के लिए अंक भार विभाजन एवं समयावधि सम्बन्धी नियम निम्नानुसार है :–

| क्र. सं. | मापदण्ड | अंक विभाजन | समयावधि |
|---|---|---|---|
| 1 | विषय वस्तु | 40 | विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय स्तर पर 2 घंटे एवं विद्यालय स्तर पर 1 घंटा |
| 2 | विशलेषण एवं व्याख्या | 20 | |
| 3 | प्रस्तुतीकरण | 15 | |
| 4 | लेखन एवं कौशल | 15 | |
| 5 | उपसंहार एवं निष्कर्ष | 10 | |
| | कुल पुर्णांक | 100 | |

6. राज्य स्तरीय निबन्ध प्रतियोगिता :–

जिला स्तरीय निबन्ध प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागी/विद्यार्थी ही राज्य स्तरीय निबन्ध प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए पात्र होगें। राज्य स्तरीय निबन्ध प्रतियोगिता आयोजित करने की जानकारी यथा समय पात्र प्रतिभागी/विद्यार्थी एवं सम्बधित संस्थान को फाउण्डेशन द्वारा प्रेषित कर दी जायेगी।

7. परिणाम की घोषणा एवं पुरस्कार वितरण :–

(ii) परिणाम की घोषणा डॉ. भीमराव अम्बेड़कर फाउण्डेशन (अम्बेडकर पीठ) की वेबसाइट www.ambedkarfoundationjaipur.in पर यथा समय अपलोड़ कर दी जायेगी।

8. सभी नोडल अधिकारी एवं मेन्टर निबन्ध प्रतियोगिता से सम्बन्धित किसी भी जानकारी के लिए निम्न अधिकारी एवं कर्मचारियों से सम्पर्क कर सकते है।

| क्र.सं. | नाम | पद | मोबाईल नं. |
|---|---|---|---|
| 1 | श्री सुवालाल कोली | सहायक प्रोग्रामर | 6376889982 |
| 2 | श्री छोटे लाल सैनी | वरिष्ठ सहायक | 8890373091 |
| 3 | सुश्री संतारा मीणा | वरिष्ठ सहायक | 8209418596 |

सचिव
डॉ. भीमराव अम्बेड़कर फाउण्डेशन
(अम्बेडकर पीठ), मूण्डला, जयपुर
दिनांक: 20.11.2024

क्रमांक : F5 (1)अ.पी.ज./निबन्ध/2024–25/ 301-08

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रस्तुत है:–

1. श्रीमान् महानिदेशक महोदय, डॉ.बी.आर.अम्बेडकर फाउण्डेशन (अम्बेडकर पीठ), मूण्डला, जयपुर।
2. रक्षित पत्रावली।

सचिव
डॉ. भीमराव अम्बेड़कर फाउण्डेशन
(अम्बेडकर पीठ), मूण्डला, जयपुर

Signature valid
Digitally signed by Suman Meena
Designation: Others
Date: 2024.11.20 12:19:12 IST
Reason: Approved